


## राजनीतिक

- **पेट्रोलियम मंत्रालय चौबीसों घंटे काम कर रहा**

मौजूदा युद्ध और एलपीजी की चुनौतियों के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल प्रधानमंत्री कार्यालय की कड़ी निगरानी में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

- **पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन शुरू**

पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन/सिफारिशें 15 मार्च, 2026 से शुरू हो गई हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस, 2027 के अवसर पर की जाएगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in ) पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार, जिनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। 1954 में स्थापित ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं। यह पुरस्कार 'विशिष्ट कार्यों' को मान्यता देने के उद्देश्य से दिया जाता है और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग, जनसंपर्क, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों (डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर) को पद्म पुरस्कारों के लिए पात्रता नहीं है। इस वर्ष सरकार ने नामांकन प्रक्रिया दो महीने पहले शुरू कर दी थी।

## प्रशासनिक

- **सीबीआई प्रमुख कौन होगा**

सीबीआई प्रमुख प्रवीण सूद का कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है। कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी सूद को अब कार्यकाल विस्तार मिलने की संभावना नहीं है।

- **चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव और गृह सचिव को बदला**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के लागू होने के ठीक एक दिन बाद दुष्यंत नारियाला को नया मुख्य सचिव और संघमित्रा घोष को गृह एवं पर्वतीय मामलों की प्रधान सचिव नियुक्त किया है।

- **सीएपीएफ में 93,000 से अधिक पद रिक्त**

सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को सूचित किया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स में 93,000 से अधिक पद रिक्त हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में अर्धसैनिक बलों में रिक्तियों के आंकड़े प्रस्तुत किए, जिसमें दिखाया गया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सबसे अधिक 27,400 रिक्तियां हैं, इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में 28,342 रिक्त पद हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 14,531 रिक्तियां, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में 12,333 रिक्तियां और सशस्त्र सीमा बल में 6,784 रिक्त पद हैं। असम राइफल्स में 3,749 रिक्तियां हैं, जिससे कुल रिक्तियों की संख्या 93,139 हो जाती है।

- **इस्पात मंत्रालय की एससीएससी ने प्रभाकर को आरआईएनएल का सीएमडी चुना**

इस्पात मंत्रालय द्वारा गठित चयन समिति (एससीएससी) ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पद के लिए एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एमएनवीएस प्रभाकर के नाम की सिफारिश की है। इस पद के लिए पांच उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया था।

- **आलोक त्रिपाठी पेट्रोलियम विभाग के संयुक्त सचिव नियुक्त**

आलोक त्रिपाठी को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वे 1999 बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं।

- **ए अमरनाथ पेट्रोलियम विभाग में ओएसडी नियुक्त**

ए. अमरनाथ को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव स्तर के ओएसडी के रूप में नियुक्त किया गया है। वे 2006 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।

- **लेफ्टिनेंट जनरल वीएमबी कृष्णन स्थानांतरित**

डोगरा रेजिमेंट (पूर्व में XVII कोर (पर्वतीय आक्रमण) की कमान संभाल चुके और सूचना प्रौद्योगिकी महानिदेशक के रूप में कार्यरत) को क्वार्टरमास्टर जनरल (सेना मुख्यालय) से पूर्वी सेना कमांडर (कोलकाता) के पद पर स्थानांतरित किया जा रहा है। वे लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी (मार्च के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं) का स्थान लेंगे। पूर्वी कमान चीन के साथ एलएसी और म्यांमार/बांग्लादेश की सीमाओं की देखरेख करती है।

- **एयर मार्शल प्रवीण केशव वोहरा ने एकीकृत रक्षा स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया**



एयर मार्शल प्रवीण केशव वोहरा, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएम (19 दिसंबर 1987 को लड़ाकू विमान स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त) ने मुख्यालय आईडीएस में एकीकृत रक्षा स्टाफ (नीति नियोजन एवं बल विकास) के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। एयर मार्शल वोहरा एनडीए और वायु सेना अकादमी के पूर्व छात्र हैं; उनके पास मिग-21/मिग-29 वेरिएंट पर 3,500 से अधिक उड़ान घंटे का अनुभव है; वे श्रेणी 'ए' के फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और लड़ाकू विमान नेतृत्वकर्ता हैं; सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के संस्थापक सदस्य हैं; उन्होंने 47 स्क्वाड्रन (आदमपुर) की कमान संभाली है; निदेशक संयुक्त संचालन योजना, सीएएस के वायु सहायक, एसीएएस (संचालन रणनीति), वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी पश्चिमी वायु कमान (1 दिसंबर 2023 से) और कमांडेंट वायु सेना अकादमी (1 जून 2025 से) सहित प्रमुख स्टाफ भूमिकाएं निभाई हैं। पुरस्कार: यूवाईएसएम (15 अगस्त 2025 को ऑपरेशन सिंदूर 2025 भारत-पाकिस्तान संघर्ष के लिए), एवीएसएम (2017), वीएम (2007)। नंबर 47 स्क्वाड्रन के कमांडेंट कमोडोर।

- **एमएमटीसी में निदेशक (वित्त) पद के लिए साक्षात्कार कल**

सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) 18 मार्च, 2026 को एमएमटीसी में निदेशक (वित्त) के पद के लिए साक्षात्कार आयोजित कर रहा है।

- **वेद प्रकाश सूर्या गोवा लौटे**

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने पर वेद प्रकाश सूर्या का तबादला गोवा कर दिया गया है। वे एजीयूएमटी कैडर के 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **असम-मेघालय कैडर से एडीजी स्तर पर किसी भी उम्मीदवार की नियुक्ति नहीं**

असम-मेघालय कैडर के 1998 बैच के किसी भी आईपीएस अधिकारी को भारत सरकार में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के समकक्ष पदों पर नियुक्त करने के लिए पैनल में शामिल नहीं किया गया है।

- **डोली लोई सीआईटी ग्रेड में पदोन्नत**

डोली लॉयी को आयकर आयुक्त के पद पर पदोन्नत किया गया है। लॉयी आयकर विभाग की सेवानिवृत्त अधिकारी हैं।

# बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्यों को गुणवत्ता के साथ संपादित करें : स्वतंत्र देव

### जल शक्ति मंत्री ने की बाढ़ सुरक्षा कार्यों की समीक्षा, सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश



**लखनऊ ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में रविवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सभागार में बाढ़ से संबंधित कार्यों की तैयारी एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवीपाटन मंडल के अंतर्गत जनपद गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच तथा अयोध्या मंडल के अंतर्गत बाराबंकी, अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर जनपदों में संचालित बाढ़ सुरक्षा एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ बचाव से संबंधित सभी आवश्यक कार्य 15 जून से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी इंजीनियरों की तैनाती समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों को पूरी संवेदनशीलता एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाना चाहिए, ताकि जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

समीक्षा बैठक में मंत्री ने विगत नौ वर्षों में इन क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव हेतु कराए गए कार्यों तथा उनके प्रभाव का भी आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में कराए गए कार्यों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएं। प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने जनपदों में क्रिटिकल स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य तत्काल कराए जाएं।

साथ ही संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण, सामग्री एवं अन्य संसाधनों का पर्याप्त रिजर्व स्टॉक भी उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता तथा देवीपाटन मंडल, तथा अयोध्या मंडल के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंताओं ने सहभागिता की।

## नवरात्र मेले से पहले नाविकों को मिली 5440 लाइफ जैकेट

**मीरजापुर।** आगामी चैत्र नवरात्र मेला को देखते हुए विंध्याचल क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से बड़ी पहल की गई है। राज्य सरकार में सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद की ओर से मीरजापुर को कुल 5440 लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई गई हैं। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर रविवार को नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में विंध्याचल के दीवान घाट पर चिन्हित नाविकों को 1500 लाइफ जैकेट का निःशुल्क वितरण किया। प्रशासन के अनुसार उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति-2020 के तहत वर्ष 2023 में तहसील स्तरीय समिति के माध्यम से जनपद के सभी नाविकों का सत्यापन कराया गया था। इसके बाद पर्यटन प्रबंध संस्थान लखनऊ के सहयोग से नाविकों को तहसील सदर व चुनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। नाविकों के डाटा को वर्ष 2025 में नाव प्रबंधन पोर्टल पर नाव के विवरण के साथ मैप भी किया गया है। जिन नाविकों के पास नाव की क्षमता के अनुसार लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं थीं।

## नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देगा 'अभिव्यक्ति 2026' : डॉ. अग्निहोत्री

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में 'अभिव्यक्ति 2026' नवाचार और उद्यमिता की उस भावना का प्रतीक है जिसे आईआईटी कानपुर लंबे समय से प्रोत्साहित करता रहा है। संस्थापकों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाकर यह कार्यक्रम नई तकनीकों को शोध से आगे बढ़ाकर समाज पर सार्थक प्रभाव डालने का अवसर प्रदान करता है।

एसआईआईसी आईआईटी कानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आशुतोष अग्निहोत्री ने कही। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर में 20 और 21 मार्च को 'अभिव्यक्ति 2026' नामक दो दिवसीय प्रमुख नवाचार एवं स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) द्वारा किया जा रहा है। इसमें देशभर से 150 से अधिक नवाचारी स्टार्टअप भाग लेंगे, साथ ही निवेशक, मार्गदर्शक, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। 'उन्नत शोध से वैश्विक समाधान तक' विषय पर आधारित यह कार्यक्रम प्रयोगशालाओं में विकसित शोध आधारित नवाचारों को बाजार तक पहुंचाने की प्रक्रिया को गति देने का मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से स्टार्टअप, निवेशकों, उद्योग जगत, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप प्रदर्शनी, विषयगत परिचर्चाएं, उद्यमियों के साथ संवाद, निवेशकों के साथ सहभागिता और विभिन्न नेटवर्किंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के जरिए स्टार्टअप को अपनी तकनीकों को प्रदर्शित करने और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े प्रमुख लोगों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अभिव्यक्ति 2026 में कृषि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा तकनीक, साइबर सुरक्षा, रक्षा एवं एयरोस्पेस, वित्तीय तकनीक, इंटरनेट आधारित उपकरण और सेमीकंडक्टर तथा चिकित्सा तकनीक जैसे कई क्षेत्रों से जुड़े स्टार्टअप भाग लेंगे। इससे देश के डीप-टेक स्टार्टअप क्षेत्र में हो रहे विविध नवाचारों की झलक देखने को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एसआईआईसी, आईआईटी कानपुर की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी।

## हाइवे पर दौड़ती ईको कार में लगी आग, फायर टीम ने पाया काबू, यात्री सुरक्षित



**फिरोजाबाद ।** थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत रविवार देर रात्रि मथुरा दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ईको कार में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि ईको सवार सभी लोग सकुशल है।

थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत गांव मोहम्दाबाद के समीप हाइवे पर रविवार देर रात्रि उस समय अफरा तफरी मच गई। जब अचानक हाईवे पर दौड़ती एक ईको कार के पहिए से अचानक आग की जोरदार लपटें उठने लगी। यह देख लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर ईको चालक ने तत्काल गाड़ी को रोका। वही ईको सवार लोगों ने भी बिना किसी देरी के खुद को गाड़ी से निकालकर सुरक्षित किया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना टूंडला पुलिस के साथ फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर टीम ने तत्काल आग पर काबू पाया। गाड़ी को थाना बसई मोहम्मदपुर के गांव बरगदपुर निवासी करन सिंह चला रहे थे। उन्होंने बताया कि वह सवारियों को मथुरा दर्शन कराकर वापस फिरोजाबाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं है सभी लोग सुरक्षित है।

## बाराबंकी में आदिशक्ति-रामभक्ति रामलीला का भव्य मंचन

**बाराबंकी ।** उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी के रामनगर तहसील क्षेत्र में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं आदर्श सेवा संस्थान बाराबंकी के संयुक्त तत्वाधान में आदिशक्ति-रामभक्ति रामलीला का भव्य मंचन ग्राम अशोकपुर चाचू सराय में संपन्न हुआ । पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के लेख निर्देशक ललित सिंह पोखरिया एवं आयोजन प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा के कुशल निर्देशन में संस्कृत भाषा में हुई मंचीय रामलीला का मंचन अत्यंत भव्य प्रभावशाली एवं सराहनीय रहा और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनय मिश्रा , मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी , रोहित मिश्रा , राजेश अवस्थी जी सहित ग्रामवासी एवं सम्मानित पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समय पूरा वातावरण जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा।

## वाराणसी घाट पर गंगा सफाई से हुई स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत




**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में सोमवार को नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में 16 से 31 मार्च तक आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ सामने घाट पर गंगा सफाई से किया।

सफाई के पूर्व स्वयंसेवकों ने आमजन के साथ स्वच्छता का संकल्प लिया। वहीं, सामने घाट पर सदस्यों ने गंगा स्नान के लिए आई माताओं , बहनों, युवा, बुजुर्गों के साथ राष्ट्रध्वज और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां और कपड़े के झोले लेकर पदयात्रा निकाली। इसके बाद सामने घाट पर सफाई के दौरान गंगा तट से लोगों द्वारा विसर्जित किए गए कपड़े, पॉलिथीन में भरी पूजन सामग्री, तस्वीरें और अन्य सामग्रियों को निकाला गया। इस अवसर पर गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा संरक्षण के लिए हमें जन भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस पखवाड़े में गंगा की सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा। गंगा हमारी संस्कृति की प्रतीक है। इसलिए हमें इस पुनीत कार्य में आगे बढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे लोगों में गंगा को लेकर जागरूकता पैदा हो और आम जनमानस गंगा सफाई के पुनीत कार्य में जुड़े। राजेश शुक्ला ने बताया कि 16 से 31 मार्च तक चलने वाले गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में गंगा प्रवाह वाले सभी राज्यों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गंगा संदेश यात्रा, गंगा स्वच्छता श्रमदान, गंगा गोष्ठी, गंगा प्रदर्शनी, गंगा स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, वृक्षारोपण और रैलियां शामिल है।

# मिल्कीपुर में बनेगा आधुनिक उप निबंधक कार्यालय



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अयोध्या जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की एक और कड़ी जुड़ गई है। तहसील मिल्कीपुर में नए उप निबंधक कार्यालय (सब रजिस्ट्रार ऑफिस) का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। यह कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत 2.28 करोड़ रुपये है।

यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी, क्योंकि वर्तमान में उप निबंधक कार्यालय अस्थायी व्यवस्था में सिंचाई विभाग के भवन में संचालित हो रहा है, जहां पहुंचना और सुविधाएं दोनों ही सीमित हैं।जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य 11 सितम्बर 2024 को शुरू हुआ था। आवास विकास परिषद (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद) अयोध्या की निर्माण इकाई-चार इसकी जिम्मेदारी संभाल रही है। कार्यालय का निर्माण सिविल, विद्युत, जलापूर्ति, सेनिटरी और बाह्य विकास कार्यों सहित पूर्ण रूप से आधुनिक मानकों पर किया जा रहा है। परिसर में ट्यूबवेल, पंप रूम, बाउंड्री वॉल, एमएस गेट, टॉयलेट ब्लॉक, कैंटीन, शेड, सोलर जनरेटर सिस्टम, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग रोड, आंतरिक ड्रेन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बाह्य विद्युतीकरण, मिट्टी भराई और बाह्य विद्युत कनेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। फायर फाइटिंग सिस्टम और आंतरिक विद्युतीकरण की सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। ताकि कार्यालय न केवल सुविधाजनक बल्कि सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल भी बने।

जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए डिजाइन किया गया यह परिसर आम जनता की रजिस्ट्री, प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों को आसान और तेज बनाने में मददगार साबित होगा।

## ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** ट्रेनों और रेलवे प्लेटफॉर्म पर यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक शातिर आरोपित को जीआरपी कानपुर सेंट्रल ने सोमवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपये कीमत का लैपटॉप बरामद किया है। जीआरपी पुलिस ने आज कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पास पार्सल साइड रेलवे पटरी के किनारे चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान पिंटू पुत्र अर्जुन, निवासी घटाघर चौराहा थाना कोतवाली, जिला भागलपुर (बिहार) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से एचपी कम्पनी का एक लैपटॉप और उसका चार्जर बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपित ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों और प्लेटफॉर्म पर सो रहे लोगों का बैग, मोबाइल, पर्स और अन्य सामान चोरी कर लेता था।

# पीएम आवास योजना के 90 हजार लाभार्थियों को दी सौगात



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के अंतर्गत 90,000 लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि अंतरित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि जिन्होंने वर्षों तक आम जनता का शोषण किया है, उस शोषण की भरपाई अब ब्याज सहित वापस करने का समय आ गया है। जिन माफियाओं ने गरीबों का हक छीना, जमीनें कब्जाईं, अब उन्हीं जमीनों पर गरीबों के लिए घर बनेंगे। डबल इंजन सरकार की नीति के तहत 25 करोड़ जनता ही परिवार मानकर बिना भेदभाव हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, और यही उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' छवि से निकालकर देश का ग्रोथ इंजन बना रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन देना है, जहां घर के साथ शौचालय, बिजली, पानी और सभी बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके पास अपना घर हो। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है और उसमें अपना पक्का मकान बनाने की क्षमता है।

जैसे अन्य जीव शरण के लिए ठौर-ठिकाना बनाते हैं, उसी तरह घर मनुष्य के जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। इस मूल आवश्यकता को पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों में लिया, जिसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में अब तक लगभग 62 लाख परिवारों को इस योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जा चुका है। मुख्यमंत्रीयोगी ने कहा कि 2017 से पहले गरीबों के लिए आवास योजनाएं होने के बावजूद उनका लाभ नहीं मिल पाता था, क्योंकि प्रदेश सरकार में इच्छाशक्ति की कमी थी। जब व्यक्ति स्वार्थ में डूब जाता है तो उसकी संवेदनाएं समाप्त हो जाती हैं और वह केवल अपने परिवार तक सीमित रह जाता है।

इसी कारण उस समय की सरकारें भी परिवार और नातेदारों तक सीमित थीं। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन सरकार ने 25 करोड़ प्रदेशवासी ही परिवार हैं की सोच के साथ काम करते हुए हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना अपनी प्राथमिकता बना लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की संवेदना हर गांव, गरीब, युवा, महिला, किसान और श्रमिक के साथ है। इसी क्रम में 90,000 से अधिक लाभार्थियों को आवास के लिए ?1 लाख की पहली किस्त दी जा रही है। इसमें सहारनपुर में 10,214 लाभार्थियों को, प्रतापगढ़ में 7,991, शाहजहांपुर में 4,325, फिरोजाबाद में 4,266, प्रयागराज में 3,331, जालौन में 3,174, सीतापुर में 3,078, गोरखपुर में 3,063, बरेली में 3,017, अलीगढ़ में 2,883, बदायूं में 2,712, महाराजगंज में 2,701, मेरठ में 2,626, अमरोहा में 2,175, हरदोई में 1,895, बुलंदशहर में 1,826, कुशीनगर में 1,562, बहराइच में 1,529, आगरा में 1,473, मऊ में 1,470, बांदा में 1,437, बिजनौर में 1,364, गाजियाबाद में 1,209, देवरिया में 1,138 और गोंडा में 1,121 लाभार्थियों को यह पहली किस्त प्रदान की गई है। कुल 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में भेजी गई है।

## आपका राशिफल 17 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेंगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक 2 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। शुभांक-3-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक 4 7 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक 4 6 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7